WORLD खबर एक्सप्रेस 9/4/2025 अपना शहर
www.worldkhabarexpress.media

# यूपीकैटेट 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 मई

# 11-12 जून को होगी परीक्षा

वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस



**कानपुर:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर ने यूपी-कैटेट (UPCATET) 2025 प्रवेश परीक्षा के शेड्यूल की घोषणा कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पी. के. उपाध्याय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 मई 2025 निर्धारित की गई है। वहीं, आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2025 है।

डॉ. उपाध्याय ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को अपने फॉर्म में संशोधन करना है, वे 9 से 14 मई 2025 के बीच यह प्रक्रिया कर सकते हैं। प्रवेश पत्र 27 मई से आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

**11 और 12 जून को होगी परीक्षा:** विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि यूपीकैटेट 2025 की प्रवेश परीक्षाएं 11 और 12 जून को आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का परिणाम 23 जून 2025 को घोषित किया जाएगा। काउंसलिंग की प्रक्रिया 27 जून 2025 से शुरू होने की संभावना है। डॉ. खान ने छात्रों को सलाह दी है कि वे विश्वविद्यालय तथा यूपीकैटेट 2025 की आधिकारिक वेबसाइट पर समय-समय पर अपडेट देखते रहें, ताकि किसी भी सूचना से वंचित न रह जाएं।




# 7 मई तक यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा का आवेदन करें

डीटीएनएन । कानपुर
चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि यूपीकैटेट 2025 की प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 मई 2025 है। जबकि ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2025 है,उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र संशोधन की तिथि 9 से 14 मई 2025 है डॉ उपाध्याय ने बताया कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 27 मई 2025 है विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि प्रवेश परीक्षाएं 11 एवं 12 जून 2025 को संपादित होंगी।जबकि परीक्षा परिणाम 23 जून 2025 को घोषित होगा, उन्होंने कहा है कि काउंसलिंग की संभावित तिथि 27 जून 2025 से प्रारंभ होगी। डॉक्टर खान ने छात्र-छात्राओं को सलाह दी है कि वे विश्वविद्यालय एवं यूपीकैटेट 2025 की अधिकारिक वेबसाइट का अद्यतन अवलोकन करते रहें।

